समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# बिहार चुनाव से पहले नीतीश कुमार का बड़ा फैसला : सामाजिक सुरक्षा पेशंन अब ₹1100 महीना, पहले से दोगुनी से भी ज्यादा।

Publisher
Published on 21 Jun 2025



## सीएम नीतीश कुमार का गरीबों, विधवाओं और बुजुर्गों के लिए तोहफा, जुलाई से बढ़ी हुई पेशंन सीधे बैकं खाते मे।

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री **नीतीश कुमार** ने चुनावी साल में एक बड़ा सामाजिक ऐलान करते हुए **सामाजिक सुरक्षा पेशंन योजना की राशि** में भारी बढ़ोतरी कर दी है। अब तक जहां लाभार्थियों को **₹400 प्रति माह** मिलते थे, वहीं अब यह **राशि ₹1100 प्रति माह** कर दी गई है।

यह बढ़ी हुई पेंशन **जुलाई 2025** से लागू होगी और हर माह **10 तारीख** को लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इस निर्णय का लाभ राज्य के 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लोगों को मिलेगा।

**सीएम नीतीश ने क्या कहा ?**
मुख्यमंत्री ने X (पूर्व में ट्विटर) पर इस घोषणा की जानकारी देते हुए कहा, "वृद्धजन समाज का अनमोल हिस्सा हैं और उनका सम्मानजनक जीवन-यापन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहेगी।"

उन्होंने लिखा कि विधवा **महिलाओं, वृद्धजनों** और **दिव्यांगजनों** के जीवन को बेहतर बनाना इस योजना का उद्देश्य है।

**चुनाव से पहले मास्टरस्ट्रोक ?**
राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला 2025 के **बिहार विधानसभा चुनाव** से पहले सरकार की छवि को मज़बूत करेगा। विपक्ष लंबे समय से पेंशन की राशि को लेकर सरकार पर निशाना साधता आ रहा था। अब दोगुने से भी ज्यादा पेंशन

मिलने से गरीब और असहाय वर्ग को सीधा फायदा मिलेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.